**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## भारतीय संस्कृति की पहचान : विश्वविद्यालय कल्चरल टीम द्वारा रंगारंग कार्यक्रम

विश्वविद्यालय में कल्चरल टीम ने विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों संग 'अंतरध्वनि' नामक रंगारंग कार्यक्रम गाँधी हॉल में प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय कल्चरल टीम की स्थापना 2020 में की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को भारतीय संस्कृति तथा मूल्यों से जोड़ना है। इसी श्रृंखला में कल्चरल टीम द्वारा नृत्य प्रतियोगिता तथा कल्चरल रैप वॉक का आयोजन विभिन्न थीम जैसे जी–20 वसुधैय कुटम्बकम, भारत के त्यौहार, भूली हुई साहित्य व स्वतंत्रता सेनानी तथा जंगल सफारी के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. दीपा विनय, कार्यवाहक कुलपति तथा कुलसचिव रहीं, जिन्होंने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

विभिन्न महाविद्यालयों से विद्यार्थी की 15 टीम ने कार्यक्रम में अपने नृत्य व वॉक द्वारा अपनी प्रस्तुति दीं, जिसमें मुख्यतः गणेश चतुर्थी, महाभारत, नवरात्रि, किसानों के विभिन्न त्यौहार, धरती माँ, सस्टेनेबिलिटी आदि को बड़े ही सुन्दर रूप में नृत्य व वॉक द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगियों के आंकलन हेतु विभिन्न कला के क्षेत्रों से निर्याणक मण्डल गठित कर प्रतियोगिता का निर्णय घोषित किया गया। निर्णायक में श्रीमती रागनी सक्सेना, श्रीमती किरन पाल, श्रीमती नीता सिंह, श्रीमती कल्पना सेंगर, श्री हेमचंद्र आर्या तथा सुश्री मंजली शर्मा थे। नृत्य प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय की टीम उमंग प्रथम, कम्यूनिटी साइंस महाविद्यालय की टीम नाट्यशास्त्र ने द्वितीय स्थान तथा प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की टीम आरंभ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कल्चरल रैप वॉक में कम्यूनिटी साइंस की टीम नित्यम प्रथम रहीं, वेटनरी कॉलेज की टीम नवयुग द्वितीय स्थान तथा कृषि महाविद्यालय की टीम उत्सव तृतीय स्थान पर रही। अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने विद्यार्थियों की मेहनत व प्रदर्शन की सहराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हम सबको भारतीय संस्कृति से जोड़ते हैं तथा हमें भारतीय होने का गर्व है। मुख्य अतिथि डा. दीपा विनय ने कार्यक्रम को अद्भुत, अविश्वसनीय तथा अद्वितीय कहते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम एक से बढ़कर एक था तथा छात्र–छात्राओं की भरपूर प्रशंसा की। कार्यक्रम में डा. एस.के. कश्यप, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय; डा. ज्योति प्रसाद, निदेशक निर्माण एवं संयंत्र; डा. बी.एन. शाही, ए.डी.एस.डब्लू, डा. एस.के. गुरू तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय कल्चरल टीम की स्टॉफ काउंसलर डा. शेफाली मैसी व को–स्टॉफ काउंसलर डा. अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा कराया गया।




*कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ मुख्य अतिथि डा. दीपा विनय एवं अन्य।*